>

Title: Need to give payments to the teachers working in Sarva Shiksha Abhiyan.

श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मैं राजस्थान से आता हूं, मेरे बीकानेर संसदीय क्षेत्र में आज जो स्थिति है, हो सकता है कि राजस्थान के सभी जिलों में यह स्थिति हो। सर्व शिक्षा अभियान के तहत शिक्षकों को वेतन नहीं मिल रहा है। पिछले पांच माह से उन्हें कोई तनख्वाह नहीं मिल रही है। वे लोग प्रयास कर रहे हैं कि उन्हें वेतन क्यों नहीं मिल रहा है। उन्होंने जगह-जगह जिला मुख्यालयों पर धरना भी दिया है, राज्य सरकार को ज्ञापन भी दिया है। लेकिन मुझे जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जो जिला शिक्षा अधिकारियों की ओर से तनख्वाह की कैलकुलेशन में गड़बड़ी हुई है, उसके कारण उन्हें तनख्वाह नहीं मिल रही है और वे कह रहे हैं कि प्लान की सीलिंग बढ़ नहीं सकती और उन्हें तनख्वाह मिल नहीं सकती। पिछले पांच माह से यदि उन्हें तनख्वाह नहीं मिलेगी तो हमारे यहां राजस्थान में आठवीं कक्षा के हाफ ईयरली एग्जाम डिस्टर्ब हो गए हैं और आगे माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा भी आ रही हैं जिसके डिस्टर्ब होने की संभावना है ।

मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्रालय का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं कि राजस्थान सरकार ने जो यहां पत्र लिखे हैं और उन्होंने जो कहा है कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत आप प्लान में संशोधन करके हमें पैसा भेजिये। यदि आप पैसा नहीं भेजेंगे तो हमारे टीचर्स को पैसा नहीं मिलेगा और ाो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा नहीं करा पायेंगे, इससे विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से अपील करना चाहता हूं कि सर्व शिक्षा अभियान में उन्हें तुंत पैसा भेजें, जिससे टीचर्स को पैसा मिले और उन्होंने जो धरना दे रखा है, वह समाप्त हो। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN : Shri Lal Singh, you are speaking from the Minister's seat.

...(*Interruptions*)